
शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# पांच लोगों की मौत : हत्या की ओर इशारा करने वाले मौके पर कई सुबूत...अफसरों ने माना हादसा

## दरवाजे पर बाहर से ताले के साथ बरामदे में खड़ी तीनों मोटरसाइकिलों के पेट्रोल पाइप कटे होने को भी नहीं माना पर्याप्त साक्ष्य

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

**अमृत विचार :** फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में घर के कमरे में लगी भीषण आग में अंदर सो रहे पति-पत्नी और तीन बच्चों की मौत के मामले में हत्या के कई साफ प्रमाण सामने आने के बावजूद पुलिस अनुमानित तथ्यों के आधार पर इसे हादसा करार दिया है। कमरे के दरवाजे पर बाहर से ताला लगे होने के साथ पुलिस ने इसे भी हत्या की ओर पर्याप्त संकेत नहीं माना कि बाहर बरामदे में खड़ी तीन मोटर साइकिलों के पेट्रोल टैंक पूरी तरह खाली थे और टैंक से कारबोरेटर तक पेट्रोल पहुंचाने वाले पाइप भी कटे हुए थे। हालांकि पुलिस अफसरों ने यह दावा जरूर किया कि घटना की हर पहलू पर जांच की जाएगी।

एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के मुताबिक अब तक की पुलिस जांच में हादसे में ही पांचों लोगों की मौत होने की संभावना सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी हादसे की ओर इशारा कर रही है। एसएसपी ने बताया कि कमरे के अंदर से दरवाजे बंद करने के लिए न सिटकनी थी न कोई और उपकरण नहीं है। दोनों दरवाजों के बीच काफी गैप भी मिला है। इसलिए बहुत संभव है कि अंदर से ही हाथ निकालकर परिवार के लोग बाहर ताला डालते रहे हों। उन्होंने बताया कि अंदर आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। इसके लिए सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। एसएसपी ने आशंका जताई कि अंदर आग लगने के बाद बाहर से ताला लगा होने की वजह से कोई कमरे से नहीं निकल पाया और पांचों की मौत हो गई।

पुलिस अफसरों के मुताबिक फायर ब्रिगेड और फोरेंसिक टीम की जांच में भी हादसा होने की ही पुष्टि हो रही है। कमरे में बाहर जो ताला लगा था, उसकी चाबी भी अंदर एक डिब्बे में रखी मिली है। ब्लोअर या फिर हीटर आग लगने का कारण हो सकता है। धुएं से बेहोश होने के बाद सभी लोगों की जलकर मौत हो गई।

उधर, अजय के पिता सुरेश गुप्ता और भाई अनिल हत्या किए जाने की आशंका जताते रहे। उन्होंने घर के बरामदे में खड़ी तीनों मोटर साइकिलों के पेट्रोल पाइप कटे होने के साथ दरवाजे पर बाहर से ताला लगा होने को इसका साफ प्रमाण बताया। अनिल ने पुलिस का यह दावा भी खारिज कर दिया कि दरवाजे पर बाहर लगे ताले की चाबी अंदर रखी हुई थी। उन्होंने बताया कि कमरे में एक चाबी मिली तो जरूर, लेकिन वह दरवाजे पर पड़े ताले की नहीं निकली। मोहल्ले के लोग भी बेहद शातिराना ढंग से पूरे परिवार की हत्या किए जाने की आशंका जताते रहे।


घटना के बाद अजय के घर के बाहर जुटी मोहल्ले के लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

### एक ही घर से उठीं पांच अर्थियां तो मातम में डूब गया पूरा फर्रखपुर

**बरेली, अमृत विचार :** मासूम बच्चों समेत अजय गुप्ता के पूरे परिवार के आग से जलकर खत्म हो जाने की वजह से फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में रविवार सुबह से ही मातम छाया रहा। अजय के घर के आसपास का बाजार भी नहीं खुला। जिला मुख्यालय पर पोस्टमार्टम के बाद जब पांचों शव घर पहुंचे तो पूरा मोहल्ला इकट्ठा हो गया। अजय के पिता सुरेश, मां किरन, भाई महेंद्र, अनिल के साथ अनीता के मायके वाले भी दहाड़ें मारकर रो पड़े। श्मशान भूमि में पांचों की चिताएं पास-पास सजाई गईं। अजय के भाई अनिल गुप्ता ने बताया कि अजय तीन साल पहले किराए पर इस मकान में आए थे। शनिवार रात को अजय का बेटा दिव्यांश अपनी दादी किरन के पास आया था और रात करीब 9 .30 बजे लौट गया था। उन्हें पता नहीं था कि वह उसे आखिरी बार देख रहे हैं।


डीएम ने भी फरीदपुर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। ● अमृत विचार

### सीएफओ ने कहा- आग लगने के कारणों की अभी कर रहे हैं जांच

पुलिस अधिकारियों के दावे से अलग मुख्य अग्निशमन अधिकारी चंद्रमोहन शर्मा ने बताया कि वह इस घटना की खुद जांच कर रहे हैं। फिलहाल यह पता नहीं लगा है कि आग कैसे लगी और इतनी जल्दी कैसे इस कदर भीषण हो गई कि अंदर सो रहे पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अभी जांच की जा रही है जिसके पूरा होने के बाद उसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के साथ पुलिस को भी सौंपी जाएगी।


फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में अजय गुप्ता का मकान। ● अमृत विचार

### हादसा: अफसरों के तर्क

1- कमरे के दरवाजों में गैप था और अंदर से बंद करने के लिए सिटकनी नहीं थी, घर के लोग हाथ बाहर निकालकर ताला डाल लेते होंगे।

2- दरवाजे पर बाहर से लगे ताले की चाबी अंदर कमरे में रखे एक डिब्बे में रखी मिली।

3- कमरे में अंदर रखे ब्लोअर या हीटर से लगी हो सकती है आग।

### हत्या : मौके पर प्रमाण

1- ताला खुद बाहर लगाने की पुष्टि नहीं, बरामदे में खड़ी तीन मोटर साइकिलों के पेट्रोल पाइप किसने और क्यों काटे, पुलिस पर अभी जवाब नहीं।

2- परिजनों के मुताबिक अंदर रखी चाबी दरवाजे पर लगे ताले की नहीं निकली।

3- अग्निशमन विभाग की जांच में अभी आग लगने का कारण नहीं चला पता।

प्रथमदृष्टया घटना हादसा ही प्रतीत हो रही है लेकिन पुलिस प्रत्येक पहलू पर जांच कर रही है। **- डॉ. राकेश कुमार सिंह,** आईजी रेंज


इसी कमरे के अंदर सोए हुए थे अजय और परिवार के लोग। ● अमृत विचार


मोटर साइकिल का कटा पेट्रोल पाइप।

### लोगों ने जताई जमीन विवाद की आशंका

लोगों ने बताया कि अजय गुप्ता ने भाटिया कॉलोनी में 2022 में 50 वर्ग गज का प्लॉट खरीदा था। दुर्गा मंदिर के पास भी 50 वर्गगज के एक मकान के लिए 50 हजार रुपये का बयाना दिया था। वह अगले महीने मकान का बैनामा कराना चाहते थे। लोगों ने आशंका जताई कि प्लॉट और मकान का कोई विवाद इस घटना का कारण हो सकता है। सांसद धर्मेन्द्र कश्यप, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह ने भी फर्रखपुर पहुंचकर अजय के परिजनों को सांत्वना दी। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को गहनता से जांच कराने को भी कहा।


अजय के पिता सुरेश गुप्ता। ● अमृत विचार


परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप।


विधायक प्रो. श्याम बिहारी ने भी दिया दिलासा। ● अमृत विचार

## एक नजर



### खेत में पेड़ लगा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रहमानपुर निवासी तीरथ राज ने बताया कि वह शनिवार को अपने खेत में पेड़ लगा रहा था। इसी बीच पड़ोसी खेत वाले सोनपाल, गुड्डू और उनकी मां नारायणी देवी गाली देते उस जमीन को अपना बताया। पेड़ लगाने से मना करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। उसने थाने पहुंचकर तहरीर दी, पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेज कर मेडिकल परीक्षण कराया है। और तीनों आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### दुष्कर्म के आरोपी ने जेल से छूटने के बाद दी धमकी

**मीरगंज, अमृत विचार :** जेल से छूने के बाद दुष्कर्म के आरोपी ने पीड़िता के परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।पीड़िता ने बताया कि आरोपी राजू ने 7 दिसंबर 2020 को उससे दुष्कर्म किया था। जिस पर उसने 10 दिसंबर 2020 को रिपोर्ट कराई थी। जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी जब से जेल से आया है वह पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा हैं। इससे परिवार काफी परेशान हैं। उन्हें डर है कि आरोपी उसके परिवार के साथ कभी भी कोई अप्रिय वारदात को अंजाम दे सकता हैं, इसलिए उसने उस पर रिपोर्ट कराई। पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही हैं।


अंत्येष्टि से इन्कार करने पर परिजनों को समझाते अफसर। ● अमृत विचार

# हत्या की रिपोर्ट दर्ज न करने भड़के परिजन, अंत्येष्टि न करने पर अड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **काफी देर श्मशान भूमि में रखे रहे शव, अफसरों के मनाने पर किया अंतिम संस्कार**

**अमृत विचार :** हादसे की थ्योरी ने अफसरों के दिमाग में घर किया तो पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

इस पर मृतकों के परिवार के लोग भड़क गए। पोस्टमार्टम के जिला मुख्यालय से शव आने के वे उन्हें लेकर श्मशान भूमि तो पहुंच गए लेकिन अंतिम संस्कार करने से इन्कार करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। काफी देर शव रखे रहे। अफसरों ने भाजपा नेताओं की मदद से परिजनों को समझाकर अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार किया।

अजय गुप्ता के परिजनों का कहना था कि पूरे परिवार की सुनियोजित ढंग से हत्या की गई है। इसलिए रिपोर्ट दर्ज होने तक वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। उन्होंने एसएसपी को भी मौके पर बुलाने की मांग शुरू कर दी।

इसकी जानकारी मिलने पर एसडीएम निधि डोंडवाल और सीओ गौरव सिंह पहुंचे। कुछ भाजपा नेता भी श्मशान भूमि पहुंच गए। उन्होंने सुबह लिखापढ़ी कराने का आश्वासन दिया जिसके बाद रिश्तेदारों और परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।


घटनास्थल पर लोगों से पूछताछ करते आईजी और एसएसपी। ● अमृत विचार

# मां के प्रेमी की ईंट से सिर कुचलकर हत्या

संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

- **आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद बेटे ने किया हमला**
- **बिथरी पुलिस ने कुछ ही देर बाद आरोपी को किया गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर क्षेत्र में बेटे ने मां के प्रेमी की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी। बेटे ने प्रेमी को मां के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मगनपुर थाना जैतीपुर शाहजहांपुर निवासी महिपाल (45) करीब 20 साल से नवदिया देहात जब्ती में अपनी बहन के घर रहता था। वह यहां प्राथमिक विद्यालय में रसुइया था। उसकी शादी नहीं हुई थी। शनिवार रात महिपाल की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। उसका शव बहन के घर के सामने एक गली में पड़ा मिला। शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर थाना पुलिस पहुंची। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी पहुंचे और जांच की। पुलिस जांच में सामने आया कि महिपाल का गांव की ही एक महिला से अवैध संबंध था। शनिवार की देर रात महिला और महिपाल आपत्तिजनक हालत में थे। महिला का बेटा देर रात लघुशंका करने के लिए गया तो दोनों को देख लिया। जिसके बाद उसने गुस्से में आकर पास में पड़ी ईंट से महिपाल के सिर में कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

**महिला के घर पर पांच साल किराए पर रहा था महिपाल :** महिपाल जब शाहजहांपुर से बरेली आया था तब वह महिला के घर में पांच साल तक किराए पर रहा था। जिस दौरान दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हुआ। जिसकी भनक बेटे को काफी समय बाद लगी। बेटे के विरोध पर उससे कमरा खाली करा लिया गया, लेकिन उसके बाद भी दोनों चोरी छी मिलते रहते थे।

### पुलिस के सामने आरोपी ने बार-बार बदले बयान

थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ में प्रेम-प्रसंग की बात निकल कर सामने आई। जिसके बाद आरोपी से बात की गई। आरोपी हर बार अपना बयान बदल रहा था। शक के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शुरू से मां के प्रेम संबंध का विरोध कर रहा था, लेकिन, आरोपी उसके बाद भी उसके घर आता जाता रहता था। रात में आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद गुस्से में ईंट सिर में मारी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अपनी मां को आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद उसके बेटे ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है। **- घुले सुशील चंद्रभान,** एसएसपी

### ...क्योंकि नेता हवा में पुल बनाकर लौट गए

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** बांस और बल्ली के सहारे झूल रहे पुल से बच्चों से लेकर बुजुर्ग निकलने को मजबूर हैं। ग्रामीणों की मांग के बाद भी यहां पक्का पुल नहीं बना है। भदपुरा ब्लॉक के गांव सभापुर में कैलाश नदी पर लकड़ी के कच्चे पुल से एक दर्जन से अधिक गांव के लोग निकलने को मजबूर हैं। ढिरिया या बन्नो जान, बड़ा गांव, नवादा, इमामाबाद, डांडिया मिश्रा, अभयपुर, बिहारी पुर समेत अन्य गांव के लोग नवाबगंज जाने के लिए इसी पुल का इस्तेमाल करते हैं। बरसात में इन गांवों के लोग दोगुनी दूरी तय करके शहर पहुंचते हैं। चुनाव के समय जब जनप्रतिनिधि वोट मांगने आते हैं तो पुल बनवाने का वादा करते हैं, फिर भूल जाते हैं। भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर सुरेश गंगवार ने ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग के मंत्री और उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर पुल बनवाने की मांग की है।


खतरा उठाकर पुल से गुजरते हैं लोग। ● अमृत विचार

# एसडीओ से पूछताछ करेगी एंटी करप्शन की टीम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **रिश्वत मांगने के मामले में एसडीओ को भी एफआईआर में किया गया है नामजद**

**अमृत विचार :** पांच हजार रुपये की रिश्वत लेने के मामले में एंटी करप्शन की टीम बिजली विभाग के एसडीओ आरजे वर्मा से भी पूछताछ करेगी। पूछताछ के बाद उनपर भी कार्रवाई हो सकती है। शुक्रवार को एंटी करप्शन ने जेई सूरज पाल गुप्ता और लाइनमैन (कुली) नरेन्द्र सिंह रावत को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

सुभाषनगर में नवजीवन अपार्टमेंट निवासी परमीत सिंह मकान बनवा रहे हैं। उन्होंने अपने पड़ोसी के घर से बिजली ले रखी है। चेकिंग के दौरान बिजली विभाग के जेई सूरज लाल गुप्ता और लाइनमैन नरेंद्र सिंह रावत ने इसे बिजली चोरी बताते हुए दबाव बनाया और 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। रुपये न देने पर रिपोर्ट दर्ज करा कर जेल भेजने की धमकी देने लगे।

शुक्रवार को आरोपियों को रुपये देने पहुंचे तो टीम ने रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में एसडीओ को भी आरोपी बनाया गया है। पूछताछ के बाद उनकी भूमिका अगर संदिग्ध पाई गई तो उनकी भी गिरफ्तारी की जा सकती है। एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर इश्तियाक वारसी ने बताया कि एसडीओ से पूछताछ कर उनकी भूमिका की जांच की जाएगी।

# राशिद का फोन रिसीव कर लेती सुमन तो न मारे जाते नेत्रपाल और मीना

## प्रेमिका के फोन रिसीव न करने पर ही आरपार का फैसला करने हथौड़ा साथ लेकर उसके भाई से बात करने नर्सरी पर पहुंचा था राशिद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राशिद के साथ अपनी प्रेमकहानी में सुमन की ओर से दिखाई गई एक छोटी सी तल्खी उसके भाई और मां की हत्या की वजह बन गई। राशिद के मुताबिक 26 जनवरी को पहली बार ऐसा हुआ, जब सुमन ने न उसका फोन रिसीव किया, न लौटकर उसकी कॉल आई। इससे वह इतना ज्यादा तिलमिलाया कि उसने आरपार का फैसला कर लिया। शाम को नर्सरी पर नेत्रपाल और उसकी मां मीना से बात करने बाइक की डिग्गी में हथौड़ा साथ लेकर पहुंचा था। काफी समझाने पर भी नेत्रपाल सुमन की उससे शादी करने को तैयार नहीं हुआ, उल्टे उसका गला पकड़ लिया तो उसने सिर में हथौड़ा मारकर उसे ढेर कर दिया। इसके बाद मीना की भी हत्या कर दी।

इज्जतनगर इलाके में बड़ा बाईपास के पास त्रिदेव नाम से नर्सरी चलाने वाले भूपराम की पत्नी मीना और बेटे नेत्रपाल की शुक्रवार रात हत्या कर दी गई थी। पुलिस की छानबीन में हत्या के पीछे भूपराम की बड़ी बेटी सुमन की राशिद के साथ प्रेमकहानी सामने आई जिसके बाद शनिवार को राशिद को गिरफ्तार कर लिया गया था। रविवार को राशिद को जेल भेजने से पहले पुलिस ने उससे लंबी पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर हत्या के लिए इस्तेमाल किए गए हथौड़े के साथ उसका मोबाइल फोन और बाइक भी बरामद की।

पुलिस के मुताबिक राशिद ने बताया कि वर्ष 2018 में वह नेत्रपाल के घर में टाइल्स लगाने गया था, इसी दौरान सुमन के साथ उसकी प्रेमकहानी शुरू हुई और इस हद तक पहुंची कि दोनों एक-दूसरे के लिए पागलपन की हद पार कर गए। सुमन जानती थी कि राशिद शादीशुदा है और उसके एक बेटी भी है, इसके बावजूद उसके लिए उसने अपने परिवार की इज्जत दांव पर लगा दी थी, उधर राशिद ने भी अपनी बीवी और बेटी की परवाह करने को तैयार नहीं था। किसी भी कीमत पर दोनों आपस में शादी करना चाहते थे।



- **शादी की बातचीत पर भड़का नेत्रपाल तो कर दी हत्या, फिर मां को भी मार डाला**
- **पुलिस की पूछताछ में हत्यारोपी राशिद ने उगला पूरा घटनाक्रम, जेल भेजा गया**

### बार-बार रिश्ता तय करता था भाई, हर बार तुड़वा देती थी

पुलिस के मुताबिक नेत्रपाल अपनी बहन के लिए बहुत परेशान था। वह कई बार उसका रिश्ता तय कर चुका था लेकिन राशिद से शादी करने की जिद पर अड़ी सुमन हर बार कोई न कोई कमी निकालकर रिश्ता तोड़ देती थी। सुमन की इस हरकत पर उसकी मां मीना और भाई नेत्रपाल दोनों उससे बहुत नाराज थे। नेत्रपाल ने हाल ही में मीरगंज के मसीहाबाद गांव के संजीव के साथ सुमन का रिश्ता तय किया था। सुमन ने संजीव को भी आत्महत्या करने की धमकी देकर रिश्ता तोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। रविवार को पंजाब से बरेली पहुंचे संजीव ने पुलिस को बताया कि सुमन ने उसे राशिद के साथ अपने प्रेमसंबंधों के बारे में बताया था और कहा था कि उसने अगर उसके साथ शादी की तो वह बाद में आत्महत्या कर लेगी। इससे डरकर उसने रिश्ता तोड़ दिया। इसके बावजूद सुमन के पिता भूपराम ने संजीव पर ही हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

- **संजीव को आत्महत्या की धमकी देकर रिश्ता तोड़ने को किया था मजबूर**

### सुमन ने मना किया था भाई की हत्या करने को

राशिद ने पुलिस को बताया कि संजीव से रिश्ता टूटने के बाद नेत्रपाल ने सुमन को तीन-चार बार पीटा था। यह बात सुमन ने उसे बताई तो उसने नेत्रपाल को मार देने की बात कही। सुमन ने उसे ऐसा करने से मना किया, धमकी भी दी कि ऐसा किया तो वह उससे शादी नहीं करेगी। इसके बाद 26 जनवरी को उसने सुमन को कई बार फोन किया तो उसने कॉल रिसीव नहीं की। इसी पर तिलमिलाकर त्रिदेव नर्सरी पर नेत्रपाल से बात करने पहुंचा जहां नेत्रपाल और मीना दोनों की हत्या कर दी।

### पुलिस से बोली- राशिद बेकसूर, उसे उंगली भी मत लगाना

पुलिस ने राशिद से पूछताछ के दौरान ही सुमन को भी थाने बुलाकर दोनों का आमना-सामना कराया। राशिद पुलिस के सामने अपना गुनाह कबूल कर रहा था, लेकिन कमजोर और सीधी दिखने वाली सुमन उसे बेकसूर बताने पर अड़ी रही। पुलिस को धमकी तक देने लगी कि वह राशिद को उंगली भी न लगाए। नेत्रपाल की बहन भी शातिर निकली। पुलिस ने बताया कि सुमन और राशिद से कॉलिंग एप और इंटरनेट कॉल के जरिए आपस में बात करते थे ताकि उनकी कॉल डिटेल न पकड़ी जा सके। सुमन एक ब्यूटी पार्लर पर काम करने जाती थी। इसी बीच राशिद से भी मिलती थी।

# गांवों में लोगों को छोटी निजी गोशालाएं स्थापित करने को प्रेरित करें अफसर

## मंत्री धर्मपाल ने बैठक में संजयनगर में सांड़ के हमले में बुजुर्ग की मौत पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने रविवार को अफसरों के साथ बैठक कर पिछले दिनों संजयनगर में एक सांड़ के बुजुर्ग को पटक-पटककर मार डालने की घटना पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसी घटनाओं से जिले की छवि खराब हो रही है, लिहाजा ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने मृतक बुजुर्ग के परिवार को आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया, साथ ही कहा कि गांवों में लोगों को निजी स्तर पर छोटी गोशालाएं स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि छुट्टा गोवंशीय पशुओं की समस्या कम हो सके।

पशुधन मंत्री ने कहा कि डीपीआरओ सभी प्रधानों और नगर आयुक्त सभी पार्षदो से संपर्क स्थापित कर छुट्टा पशुओं के मामले में प्रभावी कार्रवाई और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना सुनिश्चित करें। नगर आयुक्त को छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने के लिए भी प्रभावी कदम उठाने को कहा। एसएसपी से कहा कि वह थानेदारों को गाय छोड़ने वालों पर कड़ी निगरानी का निर्देश दें। पहले नोटिस देकर पशुपालकों को सतर्क किया जाए, इसके बाद भी वे पशुओं को छोड़ें तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

- बोले- जिले की छवि खराब कर रही हैं इस तरह की घटनाएं
- 57 सौ छुट्टा पशु पकड़वाने के लिए डीएम की सराहना की


सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक करते पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह।

मंत्री ने सांड़ों को पकड़ने के लिए संयुक्त टीम बनाने और इसमें ब्लॉक के कर्मचारी, पशु चिकित्सक और पुलिस को शामिल करने का निर्देश दिया। डीएम रविंद्र कुमार ने मंत्री को बताया कि छुट्टा सांड़ों को संरक्षित करने के लिए सभी ब्लॉकों में एक-एक नंदी आश्रय स्थल चिह्नित किया गया है। जरूरत पड़ने पर उन्हें ट्रेंक्युलाइज कर यहां लाया जाएगा। मंत्री ने 57 सौ गोवंशीय पशु संरक्षित करने पर डीएम की सराहना की और इसे मॉडल के रूप में अच्छा काम बताया। बैठक में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स, सीडीओ जगप्रवेश, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. मेघश्याम भी मौजूद रहे।

### कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट स्थापित कराने की कोशिश करें : धर्मपाल

पशुधन मंत्री ने कहा कि वह गोशालाएं बनवाने के लिए अपनी निधि देने को तैयार हैं। उन्होंने दूसरे विधायकों से भी इसके निधि देने की गुजारिश करने को कहा। डीएम को कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट भी स्थापित कराने के लिए कोशिश करने को कहा। डीएम ने मंत्री से तीन वृहद गो-संरक्षण केंद्र के प्रस्ताव को मंजूरी दिलाने का अनुरोध किया।

### गोवंशीय पशुओं को छोड़ने वालों पर होगी पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार** : गोवंशीय पशुओं को खुला छोड़ने वालों पर जुर्माना डालने के अलावा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने निर्देश दिए कि शासन के आदेश पर नगर निगम शहर में निरंतर अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशीय पशुओं को पकड़कर कान्हा उपवन में संरक्षित कर रहा है। तीन दिन में नगर निगम की छह टीमों ने 88 गोवंशीय पशु पकड़े हैं, जिसमें 41 नंदी शामिल हैं। बावजूद डेयरी संचालक और पशुपालक गोवंशीय पशुओं को खुला छोड़ रहे हैं। नगर आयुक्त के मुताबिक गोवंशीय पशुओं को खुला छोड़ने पर निगम पहली बार पशुपालक से डेढ़ हजार रुपये प्रति पशु के हिसाब से जुर्माना वसूलता है और दोबारा छोड़ने पर तीन हजार रुपये प्रति पशु जुर्माना और तीसरी बार पशु जब्त करने की कार्रवाई करता है। अब डीएम के दिए गए निर्देशों के तहत दोबारा गोवंशीय पशु खुला छोड़ने पर जुर्माना के साथ निगम पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## सुमन वर्मा के चित्रों को वनमंत्री ने सराहा



**बरेली, अमृत विचार** : चित्रकार सुमन वर्मा की तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी का रविवार को रिद्धिमा आर्ट गैलरी में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने समापन किया। उन्होंने कहा कि सुमन वर्मा की हर कलाकृति समाज के लिए कुछ न कुछ संदेश देती है। विशिष्ट अतिथि विधायक संजीव अग्रवाल, एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ती, विशेष अतिथि डॉ. शशि बाला राठी ने भी कलाकृतियों की सराहना की। डॉ. अनुराधा आर्य, डॉ. अजय रघुवंशी, दिवाकर आर्या, सुरेन्द्र बीनू सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## रामायण सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अयान प्रथम



**बरेली, अमृत विचार** : समाजसेवी स्व. डॉ. विष्णु प्रकाश मिश्रा की स्मृति में साउथ सिटी रेजीडेंट वेलफेयर सोसाइटी ने रविवार को बदायूं रोड स्थित कार्यालय पर रामायण सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें कक्षा एक से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। संरक्षक डा. लता मिश्रा ने बताया कि बच्चों में अपने धर्म के प्रति रुचि हो, इसी उद्देश्य को लेकर यह प्रतियोगिता कराई गई। इसमें अयान सक्सेना प्रथम, शानवी यादव द्वितीय और सर्व पांडे तीसरे स्थान पर रहे। प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मुकेश कुमार, सौरव पांडे, डॉ. अभिनव भारद्वाज, मनु शर्मा, डॉ. नारायण दास शर्मा, विजय देव शर्मा, देशपाल, शिव कुमार यादव, अरुण कुमार पांडे मौजूद रहे।

## पंजाबी सेवा कल्याण समिति ने बांटे कंबल



**बरेली, अमृत विचार** : पंजाबी सेवा कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने रविवार को शहर में गोसेवा करने के साथ ही ठंड से बचाव को जरूरतमंदों को कंबल बांटे। इस दौरान सतीश लुनियाल, इंदु सेठी, लोकेश कालरा, पुनीत अरोड़ा, मेघा अरोड़ा, धीरज सेठी, भूषण अरोड़ा, अनीता, रीता दुसेजा, अजय कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

# जीएसटी के नोटिस से परेशान न हों व्यापारी, दूर होगी समस्या


बैठक में मौजूद एडिशनल कमिश्नर ओपी चौबे, राजेंद्र गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में एडिशनल कमिश्नर ओपी चौबे ने दिया आश्वासन

**अमृत विचार**: जीएसटी विभाग के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) साफ्टवेयर की ओर से वर्ष 2017-18 और 2018-19 में दाखिल रिटर्न में गड़बड़ी के भेजे गए नोटिस से व्यापारी परेशान न हों। उनकी समस्या तत्काल दूर की जाएगी। यह बात राजेंद्र नगर स्थित एक होटल में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक में मुख्य अतिथि राज्य कर विभाग के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन ओपी चौबे ने व्यापारियों से कही। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड टू सुभाष चंद्र ने कहा कि नोटिस भेजने के पीछे विभाग की मंशा किसी को परेशान करने की नहीं है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि जीएसटी कलेक्शन लगातार बढ़ने से साबित होता है कि व्यापारियों में पंजीकरण को लेकर जागरूकता बढ़ी है। ऐसे में व्यापारियों के पंजीकरण, रिटर्न दाखिल करने और उनके केसों के निपटान की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए।

महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया ने कहा कि वर्तमान दौर उद्यमियों और व्यापारियों के निर्भीक होकर काम करने का है। जीएसटी का संकलन प्रतिवर्ष डेढ़ गुना तक हो इसकी चिंता करनी चाहिए। बैठक में राजकुमार अग्रवाल सराफ, दुर्गेश खटवानी, राकेश नरूला, श्याम मिठवानी, मनमोहन सब्बरवाल, गुरशरण वीर जी, राजेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, गोपेश अग्रवाल, समित अग्रवाल, गोविन्द टिक्यानी, दर्शन लाल भाटिया, गिरीश अग्रवाल, प्रवीण गोयल, विपिन गुप्ता, गौरी शंकर खंडेलवाल, शिरीष गुप्ता, हरीश खटवानी, ईशान सक्सेना, महेंद्र कातिब आदि मौजूद रहे।

# इज्जतनगर रेल मंडल की ट्रेनें समय की पक्की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इज्जतनगर मंडल समय पालन के मामले में जोन में प्रथम
- ट्रेनों का समय पालन 95 प्रतिशत से ज्यादा रहा

**अमृत विचार**: ट्रेनों का लेट होना इन दिनों रेलवे के लिए बड़ी समस्या है वहीं इज्जतनगर रेल मंडल ने ट्रेनों को समय पर चलाने के मामले में बाजी मारी है। अधिकारियों का मानना है कि तेजी से होता विद्युतीकरण और कर्मचारियों की तत्परता के चलते ऐसा मुमकिन हो पाया है।

इज्जतनगर मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने बताया कि मंडल में अप्रैल से दिसंबर 2023 तक ट्रेनों का समय पालन 95.06 प्रतिशत रहा जो पूर्वोत्तर रेलवे के सभी मंडलों की तुलना में कहीं अधिक है। इसकी बड़ी वजह मंडल में विद्युतीकरण है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान कुरैया से शाहगढ़ तक 27 किमी रूट का विद्युतीकरण किया गया है। मंडल की सभी ट्रेनें अब इलेक्ट्रिक हो गई हैं जिससे इस वित्तीय वर्ष में 250 करोड़ रुपये की बचत हुई है।

**मार्च तक शत प्रतिशत इलेक्ट्रिक लाइन** : अधिकारियों के मुताबिक मार्च तक पीलीभीत से शाहगढ़ तक आमान परिवर्तन व विद्युतीकरण होने के बाद इज्जतनगर मंडल पूरी तरह इलेक्ट्रिक हो जायेगा। यह रूट कई साल से आमान परिवर्तन के कारण बंद है।

# फायरिंग रेंज के लिए आईटीबीपी ने एडीएम को लिखा पत्र

**बरेली, अमृत विचार** : भारत-तिब्बत सीमा पुलिस को फायरिंग रेंज के लिए जमीन की तलाश है। इसके लिए तृतीय वाहिनी के सेनानी ने एडीएम प्रशासन दिनेश को पत्र लिखा है।

एडीएम को लिखे गए पत्र में कहा कि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस तृतीय वाहिनी और क्षेत्रीय मुख्यालय संयुक्त रूप से बुखारा में स्थापित है। वाहिनी के पास फील्ड फायरिंग रेंज नहीं है। फील्ड फायर के लिए दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के महानिरीक्षक उत्तरी सीमांत मुख्यालय देहरादून ने अपने ही कार्य क्षेत्र में फायरिंग रेंज के लिए जमीन चयन करने के लिए कहा है। पत्र में जमीन उपलब्ध कराने में मदद की अपील की है।

# दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों की कर रहे मदद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) की ओर से रविवार को जीआईसी के ऑडिटोरियम में दिवंगत शिक्षकों की याद में श्रद्धांजलि सभा एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मुख्य अतिथि सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि यह संगठन की एकजुटता का परिणाम है कि दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों की मदद के लिए खुले मन से लोग सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल और भाजपा नेता प्रशांत पटेल ने संगठन को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।


प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक विवेकानंद ने संगठन की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि शिक्षकों की ओर से वर्ष में एक बार सिर्फ 30 रुपये के आर्थिक सहयोग से दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों के खातों में सीधे 55 लाख तक का आर्थिक सहयोग पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान दिवंगत शिक्षकों को उनके परिजन और संगठन के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी। प्रदेश महामंत्री सुधेश पांडेय, प्रदेश प्रबंधक महेंद्र वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव रजक, नरेंद्र प्रताप गंगवार, जिला संयोजक अनुज गंगवार, दिपाली सक्सेना, डायट प्राचार्य योगराज सिंह, डॉ. फारुक हसन, विपुल मिश्रा, अरुण कुमार मौजूद रहे।


शैक्षिक संगोष्ठी का दीप जलाकर उद्घाटन करते सांसद संतोष गंगवार।

- टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने श्रद्धांजलि सभा एवं शैक्षिक संगोष्ठी की आयोजित

# अधिग्रहीत भूमि के मुआवजे के लिए भटक रहा किसान

**बरेली, अमृत विचार** : एजाजनगर गौंटिया निवासी अब्दुल लतीफ बड़ा बाईपास के लिए अधिग्रहीत की गई जमीन का मुआवजा पाने के लिए कई साल से भटक रहे हैं। अब्दुल ने बताया कि पिछले दिनों एडीएम प्रशासन को पत्र दिया था। उन्होंने आश्वासन दिया लेकिन अभी तक समस्या का हल नहीं हो सका है। बताया कि संबंधित गाटे में चार लोग थे। एसडीएम सदर की कोर्ट में भी वाद दायर किया गया था।


अब्दुल लतीफ

# मन की बात में पीएम मोदी का संबोधन सुना


प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते सांसद संतोष गंगवार व अन्य।

**बरेली, अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''मन की बात'' सुनने को लोग उत्साहित दिखे। भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना के निर्देशन में नौ मंडलों में कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया। हरमिलाप मंडल के बूथ 197 पर सांसद संतोष गंगवार ने विधायक डॉ. डीसी वर्मा, धर्म विजय गंगवार, महानगर मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर, मंडल प्रभारी वीरेंद्र अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष राजीव कश्यप, पुष्पेंद्र पटेल, विवेक पटेल, प्रमोद रघुवंशी, संजू गुप्ता, सतीश गुप्ता, रंजीत चौहान, सुनील सक्सेना, पिंटू सागर, मनु गुप्ता, आलोक सिंह, सुमित कार्तिकेय आदि के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। भोजीपुरा के मंडल परधौली में बूथ 196 पर जिला प्रभारी देवेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री की बातों को सुना। बूथ अध्यक्ष सौरभ सागर, सोमपाल शर्मा, वीरपाल गंगवार, राहुल साहू, अंकित शुक्ला, अभय चौहान, मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, मुकेश राजपूत, प्रमोद सागर, दिलीप रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर खुशी जताई

**बरेली, अमृत विचार** : भोजपुरी सेवा समिति ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न मिलने पर खुशी जताई है। रविवार को समिति की ओर से एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में हुई बैठक में महामंत्री रामगिरीश ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह, ओपी मिश्रा, राम प्रकाश शाही, अनिल श्रीवास्तव, देवेंद्र राम, नीरज कुमार, गुलाब सिंह, अमित शर्मा, नरेश पटेल आदि मौजूद रहे।

- भोजपुरी सेवा समिति ने की बैठक

# पीडब्ल्यूडी : सारी सीमाएं हुईं पार तो बोले- नहीं होने देंगे भ्रष्टाचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रमुख अभियंता ने ठेकेदारों के लिए जारी किया व्हाट्सएप नंबर
- भुगतान समेत किसी भी समस्या के लिए कर सकेंगे शिकायत

**अमृत विचार** : पीडब्ल्यूडी अफसरों पर सिर्फ बरेली में ही उंगलियां नहीं उठतीं, बल्कि पूरे प्रदेश का एक जैसा हाल है। टेंडरों में गड़बड़ियों के साथ ठेकेदारों के शोषण, हद से ज्यादा कमीशनखोरी और भुगतान न करने जैसी शिकायतें आम हैं। अब चुनावी मौसम में मुख्यालय ने इसका संज्ञान लिया है। प्रमुख अभियंता वीके श्रीवास्तव ने एक व्हाट्सएप नंबर जारी कर ठेकेदारों से अपील की है कि वे अपनी ऐसी किसी भी समस्या की सूचना इस नंबर पर दे सकते हैं। उन्हें हर हाल में कार्रवाई करने का भी भरोसा दिलाया है।

प्रमुख अभियंता ने प्रदेश के सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता को पत्र जारी किया है। इसके मुताबिक पीडब्ल्यूडी की सभी श्रेणियों के पंजीकृत ठेकेदार टेंडर, भुगतान और विभागीय कार्यप्रणाली के साथ अपनी दूसरी समस्याओं के लिए फोटो और वीडियो के साथ व्हाट्सएप नंबर 7651805776 पर शिकायत भेज सकते हैं। शिकायत को गोपनीय रखते हुए हर शनिवार को वह खुद उनका नियमानुसार निस्तारण करेंगे। मुख्य अभियंता संजय कुमार तिवारी ने प्रमुख अभियंता के आदेश की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि विभाग में ठेकेदार हमेशा प्राथमिकता पर रहते हैं। यह ध्यान रखा जाता है कि उन्हें कोई समस्या न हो। सभी अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता को निर्देश दे दिए हैं कि टेंडर में नियमों का पालन हो। काम पूरा होने के बाद भी ठेकेदारों का बेवजह भुगतान रोका गया तो कार्रवाई होगी।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**बरेली, अमृत विचार**: सिंधु नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में रविवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू हो गई। मुरादाबाद से आए कथा व्यास व्योम त्रिपाठी ने कलश यात्रा का महत्व बताया। इससे पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर मीनल परिचानी, कोमल निकिता, भावना, रिया, कविता, लता, मीणा मलकानी ,ज्योति, प्रदीप आडवाणी ,प्रकाश एलानी, जितेंद्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान लोग उत्साहित नजर आए।

- कथा व्यास ने कलश यात्रा का महत्व बताया

# कश्यप वैवाहिक परिचय सम्मेलन में 270 लोगों ने पंजीकरण कराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कश्यप परिवार ने संजय कम्युनिटी हॉल में किया सम्मेलन

**अमृत विचार** : कश्यप परिवार की ओर से रविवार को 22 वें कश्यप वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन संजय कम्युनिटी हॉल में हुआ। इसमें विवाह योग्य 270 युवक और युवतियों ने पंजीकरण कराया।

कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप और हरियाणा के उद्यमी आरडी कल्याण ने की। मुख्य अतिथि आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने समाज से दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को खत्म करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथियों में हीरालाल कश्यप और शिवचरन यादव रहे।


वैवाहिक परिचय सम्मेलन में सांसद धर्मेंद्र कश्यप को सम्मानित करते पदाधिकारी।

प्रदेश अध्यक्ष राकेश कश्यप और प्रदेश संयोजक रोशन लाल एडवोकेट ने बताया कि हिमाचल, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा समेत अन्य राज्यों से भी पंजीकरण हुए हैं। जिला अध्यक्ष मुकेश बाबू कश्यप ने बताया कि जल्द सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। अर्जुन कश्यप, राज किशोर, आरपी सिंह, हरिओम कश्यप, प्रिंस कश्यप, रोहित, नितिन, चिंटू, नरेश, अरुण, दीपक, हरिपाल, अजय, नवीन, पप्पू, मनोज आदि मौजूद रहे।

# मार्च में नवदिया झादा में शुरू होगा फ्लाईओवर का निर्माण

**बरेली, अमृत विचार** : बड़ा बाईपास पर ब्लैक स्पॉट नवदिया झादा में फ्लाईओवर का निर्माण मार्च के पहले सप्ताह में शुरू होगा। एनएचएआई के मुरादाबाद डिवीजन ने फ्लाईओवर बनाने के लिए टेंडर आमंत्रित किए हैं। फरवरी में टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

एनएचएआई ने दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे के रजऊ परसपुर और परसाखेड़ा के बीच बड़ा बाईपास बनाया है। इसी बाईपास पर बीसलपुर-बरेली रोड क्रॉस करती है। यहां हादसों में दर्जनों लोग जान गंवा चुके हैं। एनएचएआई मुरादाबाद डिवीजन के परियोजना निदेशक अनुज जैन का कहना है कि फ्लाईओवर की लंबाई करीब एक हजार मीटर आंकी गई है। पिछले महीने सड़क सुरक्षा समिति में मंडलायुक्त के निर्देश के बाद क्षेत्रीय कार्यालय को अवगत कराया गया था। वहां से जानकारी मिली हैं टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फरवरी में टेंडर निकाले जाएंगे। इसके बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।



















## एक नजर

### जिला बदर अपराधी को पुलिस ने भेजा जेल

**बहेड़ी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के आदेश पर एक पखवाड़े पूर्व जिला बदर किया गया एक अपराधी आदेश को ठेंगा दिखाते हुए क्षेत्र में ही घूमता रहा। इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने रविवार शाम को उसे पकड़ लिया। आवश्यक लिखा पढ़ी कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। करीब आधा दर्जन मुकदमों में रजिस्टर्ड मोहल्ला अब्बास नगर निवासी बाबर को डीएम रविंद्र कुमार के आदेश पर गुंडा एक्ट के तहत 15 जनवरी को छह महीने के लिए जिला बदर किया गया था। आदेश को मानने के बजाय बाबर क्षेत्र में ही घूम रहा था। इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने रविवार को पकड़कर उसे जेल भेज दिया।

### खेत की मेड़ के विवाद में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव जाम निवासी डालचंद ने बताया कि उसका खेत पड़ोसियों के खेत से 5 फीट ऊंचा है। वे लोग नीचे से मेढ़ काट रहे थे। उसके बच्चों ने मना किया तो उन पर लाठी डंडों से मारपीट की बचाने आई महिलाओं के कपड़े फाड़ दिए। चीख- पुकार सुनकर आरोपी मौके से फरार हो गए। जाते समय धमकी दी कि कही शिकायत की तो अंजाम भुगतना होगा। पीड़ित जब थाने आ रहे थे तभी रास्ते में घेर लिया तो पीड़ित ने दूसरे रास्ते से आकर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी दंगल सिंह, देवेन्द्र बादाम सिंह, जगदीश, और राम रहीस, मनोज निवासी ग्राम जाम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### चोरी की स्कूटी के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी की स्कूटी समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली के जामिया नगर से स्कूटी चोरी करके लाया था और भोजीपुरा में नम्बर बदलकर चला रहा था। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एसआई संजय सिंह ने जादौंपुर निवासी अजीम को जादौंपुर रेलवे फाटक पकड़ा। मांगने पर वह पुलिस को स्कूटी के कागज नहीं दिखा सका। आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली के शाहीन बाग मोहल्ला जामिया नगर निवासी शबनम परवीनकी स्कूटी चोरी करके लाया था। वह स्कूटी का नंबर बदलकर जादौंपुर और भोजीपुरा क्षेत्र में चला रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।

### भैंस चोरी की अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** भैंस चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखी गई प्राथमिकी। दर्ज रिपोर्ट में बताया गया कि 24 जनवरी की रात थाना क्षेत्र के डकोरा गांव के रोजगार सेवक धनपाल के घर से तीन भैंस चोरी हो गई थी, जिसकी सूचना धनपाल ने थाना पुलिस को दी। सूचना के आधार पर अज्ञात चोरों पर रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। दरअसल पिछले कई महीने से क्षेत्र से लगातार भैंस चोरी के मामले सामने आ रहे हैं।

# अवैध स्लाटर हाउस में पशु वध करते तीन पकड़े, दस फरार

## पुलिस को मौके से ढाई क्विंटल मांस सहित नौ जिंदा पशु मिले

संवाददाता, बहेड़ी



पुलिस की गिरफ्त में अवैध स्लाटर हाउस में पशु वध करने के आरोपी। ● अमृत विचार

- पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों को भेजा जेल
- आरोपियों से 315 बोर के दो तमंचे और दो खोखे बरामद

**अमृत विचार :** बहेड़ी के मोहल्ला शेरनगर में किराए के प्लाट में स्लाटर हाउस बनाकर अवैध रूप से पशुओं का वध कर रहे मांस तस्करों के सरगना सहित उसके तीन साथियो को पुलिस ने मौके से पकड़ लिया, जबकि गैंग के 10 सदस्य भागने में सफल हो गए। पुलिस को मौके से ढाई क्विंटल मांस मिला, जिसे जमीन में दफन करा दिया गया।

मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तस्करों की घेराबंदी कर मोहल्ला सुन्नी नगर निवासी गैंग सरगना आसिफ लंगड़ा और मोहम्मदपुर के रहने वाले समीर व अनीस को गिरफ्तार कर लिया गया। गैंग के फरार सदस्यों के नाम तस्लीम, फैजान, रेहान, बाबू, खतीक, नदीम और मदार चौक टांडा निवासी आसिफ, भूरा और सोहेल बताए गए हैं जिनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस दबिश दे रही है। मौके पर पुलिस को नौ जिंदा काले पशु भी मिले। इसके अलावा 315 बोर के दो तमंचे, कारतूस के दो खोखे, तीन जिंदा कारतूस और पशु वध के औजार भी बरामद किए गए। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया। पूछताछ में तस्करों ने पुलिस को बताया कि स्लाटर हाउस में पशुओं का वध कर मांस को पन्नियों में पैक कर 180 रुपये किलो की दर से बेचकर मुनाफा कमाते थे। इनके अपराधिक इतिहास पर नजर डालें तो सरगना आसिफ लंगड़ा और फरार हुए खतीक पर आर्म्स एक्ट और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत नौ- नौ मुकदमे पहले से दर्ज हैं, जबकि इन्हीं अपराधों में फैजान पर छह और समीर के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज हैं।

# जनपद के सभी ब्लॉकों में बनेंगे नंदी गो-आश्रय स्थल

संवाददाता, आंवला

- सीडीओ बोले, नंदी से जनहानि हुई तो बीडीओ पर होगी कार्रवाई
- आंवला में गो- आश्रय स्थल बनाने के लिए जमीन की चिह्नित

**अमृत विचार:** बरेली के संजयनगर में एक सांड़ के हमले से वृद्ध करूणा शंकर पांडेय की मौत हो गई थी। जिसे प्रशासन ने गम्भीरता से लेते हुए जिले के सभी 15 ब्लॉकों में नंदी गो-आश्रय बनाने के आदेश जारी किए हैं।

एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने बताया कि बीते कुछ दिनों में आंवला तहसील क्षेत्र के करीब एक हजार गायों को आश्रय स्थलों में पहुंचाया गया है। शीघ्र तहसील के तीनों ब्लॉकों में नंदी गो-आश्रय स्थल बनाए जाएंगे। जिनमें केवल सांड़ों को आश्रय दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के गांव कोहनी प्रतापपुर, मझगवां के महोलिया और रामनगर के लीलौर बुजुर्ग गांव में नंदी गो-आश्रय स्थल के लिए जमीन चिन्हित की गई है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी बरेली जग प्रवेश ने सभी खंड विकास अधिकारी को पत्र जारी कर पांच दिन के अंदर अभियान चलाकर क्षेत्रों में घूम रहे नन्दियों (सांड़ों) को संरक्षित करने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने पत्र के माध्यम से चेतावनी दी है कि यदि पांच दिवसीय अभियान के बाद किसी क्षेत्र में नंदी से हानि या दुर्घटना होती है तो उसकी पूर्णतः जिम्मेदारी संबंधित बीडीओ की होगी।

नंदी गो-आश्रय स्थलों में बहेड़ी में आखा, भदपुरा में सूरजपुर परौरिया, भोजीपुरा में गोपालपुर अजीजपुर, भुता (कुआडांडा) में मिर्जापुर, बिथरी चैनपुर में फरीदपुर इनायत खां, दमखोदा में चौडेरा, फरीदपुर में हरेला, फतेहगंज पश्चिमी में रसूला चौधरी, क्यारा में इऔआ सुखदेवपुर, मीरगंज में सैंजना, नवाबगंज में लाई खेडा, शेरगढ़ में म्यूड़ी बुजुर्ग में नंदी गो-आश्रय स्थल के लिए जमीन चिन्हित की गई है।

# गोवंशीय पशु लेकर जा रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

संवाददाता, भोजीपुरा

- ग्रामीणों का आरोप जंगल में पशु वध की तैयारी कर रहे थे आरोपी

**अमृत विचार :** गोवंशीय पशु को वध करने के इरादे से लेकर जा रहे तीन मांस तस्करों को ग्रामीणों ने दौड़ा लिया। दो मौके से फरार हो गए एक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

भोजीपुरा इलाके के धौराटांडा क्षेत्र के मुड़िया हाफिज गांव में तीन मांस तस्कर एक गोवंशीय पशु को लेकर जा रहे थे। तभी मुड़िया हाफिज के ग्रामीणों ने देख लिया। तीनों युवक पशु को जंगल में पेड़ से बांध रहे थे तभी ग्रामीण वहां पहुंच गए दो लोग फरार हो गए एक को पकड़ लिया। सूचना पर चौकी धौराटांडा से एसआई संजीव यादव फोर्स को लेकर मौके पर पहुंचे।

ग्रामीणों ने पकड़े युवक को पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहम्मद निजाम निवासी गौंटिया धौराटांडा बताया। पुलिस गोवंशीय पशु को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।

# गोशाला में नहीं रखे सांड़ दूसरे गांव में छोड़े

संवाददाता, नवाबगंज

- फसल बचाने के लिए किसानों ने घेरकर पकड़े कई सांड़
- दूसरे गांव में एक साथ सांड़ों का झुंड देख मची अफरा- तफरी

**अमृत विचार :** छुट्टा सांड़ों से परेशान ग्राम मधूनगला के किसान रविवार को दो ट्रॉलियो में भरकर सांडों को अधकटा नजराना की वृहद गोशाला में छोड़ने ले गए थे। जहां गोशाला संचालक ने सांड़ों को लेने से इनकार कर दिया।

गोशाला संचालक से देर तक उलझने के बाद परेशान किसान सांड़ों से लदी ट्रालियां लेकर लौट पड़े और रास्ते में दलेलनगर गोशाला से पूर्व ग्राम अधकटा रब्बानी बेगम के जंगल में छोड़कर चले गए। उस गांव में अचानक सांड़ों का झुंड देखकर ग्रामीणों में अफरा- तफरी मच गई। छोड़े गए भूखे प्यासे सांड़ खेतों से लेकर बस्ती में धमाचौकड़ी मचाने लगे। इन सांड़ों को गांव से खदेड़ने के लिए किसान लाठी- डंडे लेकर दौड़े। वहीं देर शाम तक खेतों से सांड़ों को भगाने का सिलसिला जारी रहा।



ट्रैक्टर में लादकर लाए गए सांड़। ● अमृत विचार

# कोर्ट के आदेश पर मारपीट और लूट की रिपोर्ट

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते बरात में गए युवक से मारपीट और चेन नकदी लूटने के आरोप में न्यायालय के निर्देश पर कैंट पुलिस ने 6 नामजद और 10 अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना इज्जत नगर के धौरेरा माफी निवासी बबली ने बताया कि वह 23 नवंबर 2023 को कैंट क्षेत्र एक बरात में बेटे के साथ शामिल होने होने गई थी। महिला का आरोप है कि रात में द्वारचार के दौरान संजय, निखिल, भोले, कुलदीप, सुमित, निवासी धौरेरा माफी और संजय का एक रिश्तेदार ऋषभ निवासी रोड नंबर 4 थाना इज्जत नगर के साथ 8-10 अज्ञात लोग डीजे पर डांस कर रहे थे। इसी बीच सभी ने उसेके बेटे को जान से मारने की नीयत से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसके गले से सोने की चेन व जेब में रखे 7 हजार रुपये जबरन लूट लिए। और उनकी पुत्रवधू से भी छेड़छाड़ की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बीच बचाव कराया। महिला ने इसकी तहरीर कैंट पुलिस को दी। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**मीरगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की एक महिला ने एसएसपी से शिकायत कर बताया कि उसकी शादी थाना अलीगंज के एक युवक से तीन साल पहले हुई थी। उसके पिता ने हैसियत के अनुसार दहेज दिया परन्तु ससुराली खुश नहीं थे। सभी दहेज में बाइक, सोने की अंगूठी और तीन लाख के लिए प्रताड़ित करने लगी। इस बीच उसके गर्भवती होने पर उसका गर्भपात करा दिया गया। इसके बाद पीड़िता पिछले एक वर्ष से मायके में रह रही है। तीन माह पहले ससुराल वालों ने उससे समझौता करके ले गए। इस बीच मौका पाकर उसके ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने सास से शिकायत की परन्तु उसने भी अपने पति का पक्ष लिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी थी। कोई सुनवाई नही हुई तो एसएसपी के यहां गुहार लगाई। मीरगंज पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर पति सहित छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

# व्यापारियों के विरोध के बाद भी लग रहा बुध बाजार

**बहेड़ी, अमृत विचार :** कस्बे में लगने वाले बुध बाजार को बंद कराने की मांग व्यापारियों की ओर से कई बार की जा चुकी है।

अतिक्रमण हटाने को लेकर बीते माह पालिका और पुलिस प्रशासन के साथ हुई व्यापारियों की बैठक में भी इसे बंद कराने की बात कही गई थी पर इस मामले में अभी तक स्थिति जस की तस है। व्यापारियों का कहना है कि बाजार लगने से दुकानदारों और बाजार संचालक को तो मुनाफा हो रहा है पर बाजार में बेतहाशा भीड़ से यातायात ठप हो जाती है। बाजार में हर बार किसी न किसी की जेब कटने की शिकायतें आम होने लगी हैं। पिछले बुधवार को एकमहिला की किसी ने जेब काट ली, जिससे महिला काफी देर तक रोती रही। वह उधार रुपये लेकर किसी तहर घर गई। कोतवाल प्रवीण कुमार सोलंकी ने कहा कि इसकी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की है। उनसे जब कहा जाएगा, पुलिस उपलब्ध करा देंगे। अधिशासी अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बाजार संचालक को नोटिस जारी कर बाजार लगवाने संबंधी अभिलेख लेकर आने को कह चुके हैं। इसके बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जाएगा।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्ते निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 20 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.


# दो चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान और गांजा बरामद

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** दो दिन पहले उनासी गांव के सरकारी स्कूल में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया आरोपियों से चोरी का सामान और तीन सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों चोरों को जेल भेज दिया।

शुक्रवार रात गांव उनासी के प्राथमिक विद्यालय से चोरों ने बिजली सामग्री, स्पीकर समेत अन्य सामान चोरी किया था। प्रधानाचार्य ज्योति की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला नौगमा निवासी पवन गंगवार और भिटोरा रेलवे स्टेशन के पास संगम विहार कालोनी निवासी रोहित गोस्वामी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने स्कूल से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही से चोरी का सामान बरामद करा दिया। उनके पास से 300 ग्राम गांजा भी बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया दोनों नशेड़ी है। नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी करते है।



पकड़े गए चोर। ● अमृत विचार

# दहेज के लिए पत्नी को पीटा, रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मोहनपुर मसीतगंज गौटिया निवासी आफरीन ने बताया कि उसकी शादी 13 सितंबर 2019 को गांव के ही वासिब से हुई थी। शादी के बाद से ही पति मायके से रुपये लाने को कहता था। न लाने पर उसके साथ मारपीट करता है। जिस पर मायके से 1 लाख रुपये लाकर आफरीन ने पति को दे दिए। इसके बाद भी वह 2 लाख रुपये अतिरिक्त लाने की मांग करता है। इसके साथ ही दूसरी शादी करने की धमकी देता है। दो माह पहले उसने बेटे को जन्म दिया, इसके बावजूद भी वह पत्नी को साथ रखने को तैयार नहीं है। महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने आरोपी वासिब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पति से विवाद के बाद महिला ने फंदे से लटककर दी जान

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एक महिला ने पति से विवाद के बाद फंदे से लटककर जान दे दीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव मार्डन विलेज में हनुमान मंदिर के पास विजय कुमार पत्नी नेहा (25) के साथ रहते थे। रविवार को वह पत्नी नेहा को लेकर गांव में रहने वाली बहन के घर गए थे। विजय तो बहन के घर खाना खाने की वजह से रुक गया और नेहा विजय से मकान की चाबी लेकर घर वापस पहुंच गयी। विजय ने पुलिस को बताया कि जब वह खाना खाकर बहन के घर से लौटा तो देखा कि नेहा फंदे पर झूल रही थी। वह खिड़की तोड़कर अंदर घुसा। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। विजय की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। सूचना पर मृतका के मायके वाले भी आ गए। नेहा के पिता राहुल ने पुलिस से पोस्टमार्टम कराए जाने अनुरोध किया था। प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि शनिवार की शाम पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसी के चलते नेहा ने आत्मघाती कदम उठाया। नेहा के पिता ने बताया कि चार वर्ष पूर्व शादी की थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतका के मायके वालों ने तहरीर नहीं दी। तहरीर के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### बेबी शो में बच्चों को लकी ड्रा से मिले इनाम



**रिठौरा, अमृत विचार :** हैपी ट्रेल्स स्कूल में रविवार को मेले में बेबी शो का आयोजन किया। जिसमें चेयरमैन प्रेमलता राठौर, धीरेन्द्र राठौर बतौर मुख्य अतिथि रहे। डॉ. प्रवीण ने जज की भूमिका निभाई। इस दौरान चेयरमैन पारूष अरोड़ा, योग्यता गंगवार और रवजीत बग्गा मौजूद रहे। बेबी शो में कुल 150 से ज्यादा छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। मेले में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन के लिए लकी ड्रा के जरिए पुरस्कृत किया गया। पहला इनाम अक्षिया गंगवार को मिला। इस दौरान बच्चों और अभिभावकों लिए कई मनोरंजक प्रतियोगिताएं कराई गई, जैसे कलरिंग स्टार, डैडी डायपर डर्बी, डांस मास्टेरो आदि का आयोजन रहे।

### जीवन में शिक्षा बहुत जरूरी: महंत ओमेंद्र सिंह



**आंवला, अमृत विचार :** नूरपुर गांव के कुंवर नरेंद्र एवं निर्मला मेमोरियल पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि मनौना श्री खाटूश्यामजी मंदिर महंत ओमेंद्र सिंह और भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने किया। महंत ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में शिक्षा अति आवश्यक है। अभिभावक बच्चों को रोज विद्यालय भेजें। जिलाध्यक्ष ने कहा हर वस्तु को बांटा जा सकता है। परंतु शिक्षा को नहीं बांटा जा सकता है। इस दौरान छात्र– छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अतिथियों ने मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रबंधक अरूण प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य गौरव प्रताप सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा बृज क्षेत्र महामंत्री प्रेमपाल सोलंकी, गोपाल सिंह उर्फ गुड्डू फौजी, विनीत सिंह राठौड़, प्रभाकर शर्मा, सतीश कुमार सिंह, सुनील सिंह, भूपेन्द्र सिंह, सुबोध सिंह, नवीन सिंह, गिरीश शर्मा, राज कमल चौहान आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का किया स्वागत



**नवाबगंज, अमृत विचार :** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को रिछोला पहुंची। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी को नेतृत्व में छोटेलाल श्यामाचरन कॉलेज से आरम्भ हुई इस यात्रा के रिछोला किफायतुल्ला पहुंचने पर ग्रामीणो ने स्वागत किया। यात्रा में पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार, जिला प्रवक्ता राज शर्मा, जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा, उपाध्यक्ष जुनैद हसन, नगर अध्यक्ष अरशद अली, ब्लाक अध्यक्ष डॉ. दत्तराम गंगवार, छाया देवी रस्तोगी, महेश कुमार, शफीक अहमद, गया प्रसाद गंगवार, मो. शाहरुख अंसारी व मोहम्मद फारूक आदि शामिल रहे।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख की बेटी बनीं जेल सुपरिटेंडेंट



**आंवला, अमृत विचार :** रामनगर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं सपा नेता विजेंद्र सिंह यादव की बेटी प्रीति यादव यूपीपीसीएस की परीक्षा में जेल सुपरीटेंडेंट के पद पर चयनित हुईं हैं। सपा नेता ने बताया कि उनके पांच बच्चे हैं। उनकी बड़ी बेटी प्रीति यादव का पहली बार में ही जेल सुपरीटेंडेंट पद के लिए चयन हो गया। उसने दिल्ली में रहकर तैयारी की थी। उनकी दूसरी बेटी पूजा यादव भी दिल्ली में रहकर तैयारी कर रही है।

### धर्मवीर गंगवार को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**भोजीपुरा, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी से भोजीपुरा निवासी धर्मवीर गंगवार को शिक्षा शास्त्र में पीएचडी की उपाधि मिली। उन्होंने अपना शोध कार्य प्रोफेसर संतोष अरोरा के निर्देशन में पूर्ण किया। धर्मवीर गंगवार ने पारिवारिक वातावरण एवं शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन विषय पर अपना शोध पूर्ण किया। उन्हें पीएचडी की उपाधि मिलने पर उनके माता– पिता अन्य ने खुशी जताई।

### विधायक संजीव ने पीएम के मन की बात को सुना



**कैंट, अमृत विचार :** विधायक संजीव अग्रवाल ने रविवार को छावनी परिषद के सदर बाजार में एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे, इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम "मन की बात" को सुना। इस दौरान कैंट बोर्ड के नामित सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल शशिकांत जायसवाल, संजीव वाल्मीकि, रिचा जायसवाल, लालमन, ललित मोहन मल्होत्रा, राजकुमार, विकास व दिव्या जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

### मनोज गंगवार का डिप्टी एसपी पद पर चयन

**कुआडांडा, अमृत विचार :** रामपुरा प्रवीन के मनोज गंगवार का डिप्टी एसपी के पद पर चयन हुआ। इस पर उनके पिता रामगोपाल गंगवार और मां गुड्डी देवी का खुशी का ठिकाना नहीं है। मनोज ने बताया उनकी उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरदार वल्लभ भाई पटेल रमपुरा प्रवीन, जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुई। स्नातक की शिक्षा दिल्ली यूनिवर्सिटी रामजस से की थी। शनिवार को गांव लौटने पर उनका ग्रामीणों ने फूल माला से स्वागत किया। इस मौके पर रोहित गंगवार, देवेंद्र पटेल, देवेंद्र सिंह, राम प्रकाश सिंह समेत अन्य ने बधाई दी।

### ठेकेदार पर सड़क निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** नगर में रेलवे स्टेशन के सामने से भिंडौरा अड्डा तक पीडब्ल्यूडी की ओर से सीसी रोड बनाई जा रही हैं। यहां मौजूद राहुल यादव, हिमांशु साहू, रविंद्र मौर्य धर्मेंद्र वर्मा प्रदीप कुमार मोहित वर्मा कमलेश साहू प्रमोद चंद्रसेन विष्णु सचिन मुकेश बिजेंदर ओमवीर उमेश आदि लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि 10 जनवरी को ठेकेदार ने दोनों ओर से सड़क बंद कर सीसी सड़क डाली थी। कहने के बाद भी अभी सड़क पर आवागमन शुरू नहीं होने दिया है और कुछ दिन बाद रास्ता खोलने की बात कह दी जाती है। जिससे यहां के व्यापारी आसपास के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। दुकानदारों का कहना है कि ठेकेदार ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया है इसलिए इतने दिनों बाद भी रास्ता चालू नहीं किया गया है। ठेकेदार यासीन ने बताया कि आरोप गलत है सड़क को सुखाया जा रहा है सूखने में काम से कम 28 दिन का समय लगता है इसके बाद ही आवागमन शुरू हो पाएगा। अभी मौसम में नमी है इसलिए सूखने में समय लग रहा है। 15 फरवरी तक रास्ता खोल दिया जाएगा।


अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना

सर्वविदित हो कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र/ प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0941185 वर्ष 2015 वास्तव में खो गया है। **मो. शोएब पुत्र रशीद अहमद मो. हाथीथान जलाल नगर थाना सदर बाजार, शाहजहाँपुर मो. 6393654431**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राजू पुत्र चन्दा बाबू को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य के उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता न होगा। **लक्ष्मी पत्नी चन्दा बाबू निवासी रोड नं. 7, कृष्णानगर, इज्जतनगर, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

